Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET – 2**

**Series : GBM/C**

कोड नं.
Code No. **58/2**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 100*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

सामान्य निर्देश :

*(i)* *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के सामने उनके अंक दर्शाए गये हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 5** और **16 – 20** अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में देना है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **6 – 8** और **21 – 23** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **9 – 11** और **24 – 26** यह भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **12 – 15** और **27 – 30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(vii)* *उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त एवं सटीक होने चाहिए तथा यथासंभव निर्देशानुसार शब्द सीमा के भीतर उत्तर दिया जाना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions in both sections are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question number **1 – 5** and **16 – 20** are very short answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in one sentence.*

*(iv)* *Question number **6 – 8** and **21 – 23** are short answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60** words each.*

*(v)* *Question number **9 – 11** and **24 – 26** are also short answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **70** words each.*

*(vi)* *Question number **12 – 15** and **27 – 30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100** words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. अल्पकालिक उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिए । **1**

   Define short-run production function.

2. इसमें क्रेताओं और विक्रेताओं की बड़ी संख्या होती है : (सही विकल्प चुनिए) **1**

   (A) केवल पूर्ण प्रतियोगिता में

   (B) केवल एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में

   (C) (A) और (B) दोनों में

   (D) अल्पाधिकार में

   There are large number of buyers and sellers in : (choose the correct alternative)

   (A) Perfect competition only

   (B) Monopolistic competition only

   (C) Both in (A) and (B)

   (D) Oligopoly

3. निम्नतम निर्धारित कीमत से क्या अभिप्राय है ? **1**

   What is meant by price floor ?

4. किसी वस्तु को सामान्य वस्तु कब माना जाता है ? **1**

   When is a good considered a normal good ?

5. कुल सम्प्राप्ति (आगम) TR, Q उत्पादन मात्रा और 'n' इकाई की मात्रा हो, तो सीमांत सम्प्राप्ति यह होगी : (सही विकल्प चुनिए)

   (A) केवल $TR_n - TR_{n-1}$

   (B) केवल $\frac{\text{TR में परिवर्तन}}{\text{Q में परिवर्तन}}$

   (C) (A) और (B) दोनों

   (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं **1**

   Let TR be total revenue, Q be quantity of output, and 'n' the number of units, then marginal revenue equals : (choose the correct alternative)

   (A) $TR_n - TR_{n-1}$ only

   (B) $\frac{\text{Change in TR}}{\text{Change in Q}}$ only

   (C) Both (A) and (B)

   (D) None of the above



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

6. एक प्रातिनिधिक उत्पादन संभावना वक्र अवतल (concave) क्यों होता है ? समझाइए । **3**

Why is a typical production possibility curve concave ? Explain

7. केन्द्रीय समस्या "किसके लिए उत्पादन किया जाए" समझाइए । **3**

**अथवा**

केन्द्रीय समस्या "कैसे उत्पादन किया जाए" समझाइए ।

Explain the central problem "for whom to produce".

**OR**

Explain the central problem "how to produce".

8. जब एक वस्तु की कीमत ₹ 10 प्रति इकाई से गिरकर ₹ 7 प्रति इकाई हो जाती है, तो इसकी माँग 100 इकाई से बढ़कर 160 इकाई हो जाती है । इसकी कीमत मांग लोच का परिकलन कीजिए । **3**

When price of a good falls from ₹ 10 per unit to ₹ 7 per unit, quantity demanded of the good rises from 100 to 160 units. Calculate its price elasticity of demand.

9. "सीमांत लागत और सीमांत आगम (सम्प्राप्ति)" विधि द्वारा उत्पादन का संतुलन स्तर बताइए । अपने उत्तर के पीछे कारण दीजिए । **4**

| कीमत (₹) | उत्पादन (इकाई) | कुल लागत (₹) | सीमांत लागत |
|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 10 | 10 |
| 6 | 2 | 15 | 5 |
| 6 | 3 | 21 | 6 |
| 6 | 4 | 28 | 7 |
| 6 | 5 | 37 | 9 |

**अथवा**

परिवर्ती अनुपातों के नियम के तीन चरणों की पहचान कीजिए । कारण दीजिए ।

| परिवर्ती आगत (इकाई) | कुल उत्पाद (इकाई) |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 2 | 7 |
| 3 | 10 |
| 4 | 12 |
| 5 | 11 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Identify the equilibrium level of output using "marginal cost and marginal revenue" approach. Give reasons for your answer.

| Price (₹) | Output (units) | Total cost (₹) | Marginal cost |
|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 10 | 10 |
| 6 | 2 | 15 | 5 |
| 6 | 3 | 21 | 6 |
| 6 | 4 | 28 | 7 |
| 6 | 5 | 37 | 9 |

**OR**

Identify the three phases of the law of variable proportions. Give reasons.

| Variable input (units) | Total product (units) |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 2 | 7 |
| 3 | 10 |
| 4 | 12 |
| 5 | 11 |

10. एक वस्तु की पूर्ति को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए । **4**

Explain any four factors that affect the supply of a good.

11. जब हम कहते हैं कि एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में विक्रेताओं की बड़ी संख्या होती है, तो इससे बाजार पर क्या अंतर पड़ता है ? व्याख्या कीजिए । **4**

What difference does it make to the market when we say that there are large number of sellers in a perfectly competitive market ? Explain



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

12. समझाइए क्यों एक अनधिमान वक्र (क) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढलवाँ और (ख) उत्तल (convex) होता है । **6**

**अथवा**

सीमांत प्रतिस्थापन दर की अवधारणा और प्रातिनिधिक अनधिमान वक्र पर इसका व्यवहार समझाइए । एक संख्यात्मक उदाहरण दीजिए । इसके व्यवहार का कारण भी बताइए ।

Explain why is an indifference curve (a) downward sloping from left to right and (b) convex.

**OR**

Explain the concept of Marginal Rate of Substitution and its behaviour along the typical indifference curve. Give a numerical example. Also give reason for its behaviour.

13. संतुलन बाजार मजदूरी दर ₹ 14,000 प्रति माह है । इसे कम समझ कर सरकार न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण ₹ 18,000 प्रति माह कर देती है । इस निर्णय के परिणामों की व्याख्या कीजिए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । **6**

The equilibrium market wage rate is ₹ 14,000 per month. The government finding it low fixes minimum wage rate at ₹ 18,000 per month. Examine the implications of this decision. Use diagram.

<u>केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर</u>

**<u>For the blind candidates only in lieu of Q. No. 13</u>**

न्यूनतम मजदूरी दर के संतुलन बाजार मजदूरी दर से अधिक निर्धारित करने के परिणामों की व्याख्या कीजिए । एक संख्यात्मक उदाहरण का प्रयोग कीजिए ।

Explain the implications of fixing minimum wage rate higher than equilibrium market wage rate. Use a numerical example.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

14. एक व्यक्ति टैक्सी सेवा शुरू करता है । टैक्सी वह बैंक से उधार लेकर खरीदता है । वह टैक्सी स्वयं चलाता है । वह सरकार को वार्षिक लाइसेंस फीस भी देता है । इसमें सीधे पहचानी जा सकने वाली स्पष्ट लागतें और अंतर्निहित लागतें बताइए । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । **6**

A person starts a taxi service. The taxi is financed by a bank. He himself drives the taxi. He also pays annual license fees to government. What are the explicit and implicit costs directly identifiable in it ? Give reasons for your answer.

15. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । उपयोगिता विश्लेषण के द्वारा उपभोक्ता संतुलन की शर्तें समझाइए । **6**

A consumer consumes only two goods X and Y. Explain the conditions of consumer's equilibrium using utility analysis.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

16. निम्नलिखित में से कौन सा अप्रत्यक्ष कर है ? (सही विकल्प चुनिए) **1**

(A) लाभ कर

(B) सम्पत्ति कर

(C) सीमा शुल्क

(D) उपहार कर

Which one of the following is an indirect tax ? (choose the correct alternative)

(A) Profit Tax

(B) Wealth Tax

(C) Customs duty

(D) Gift Tax



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

17. सरकारी बजट में पूँजीगत प्राप्तियों की परिभाषा दीजिए । **1**

Define capital receipts in a government budget.

18. भारत में स्थित एक भारतीय कम्पनी विदेश में स्थित एक कम्पनी में निवेश करती है । भारत के भुगतान संतुलन खाते में यह लेनदेन दर्ज किया जाता है : (सही विकल्प चुनिए) **1**

(A) चालू खाते के क्रेडिट (credit) पक्ष में

(B) चालू खाते के डेबिट (debit) पक्ष में

(C) पूँजीगत खाते के क्रेडिट (credit) पक्ष में

(D) पूँजीगत खाते के डेबिट (debit) पक्ष में

An Indian company located in India invests in a company located abroad. This transaction is entered in India's balance of payments account on : (choose the correct alternative)

(A) credit side of current account

(B) debit side of current account

(C) credit side of capital account

(D) debit side of capital account

19. निम्नलिखित उद्देश्य से खरीदी गयी वस्तुएँ अंतिम वस्तुएँ कहलाती हैं : (सही विकल्प चुनिए) **1**

(A) आवश्यकताओं की संतुष्टि हेतु

(B) फर्म में निवेश हेतु

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

Goods purchased for the following purpose are final goods : (choose the correct alternative)

(A) For satisfaction of wants

(B) For investment in firm

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

20. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद से क्या अभिप्राय है ? **1**

What is meant by real gross domestic product ?

21. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत बचत प्रवृत्ति में क्या अंतर होता है ? दोनों के बीच क्या संबंध है ? **3**

**अथवा**

समग्र माँग से क्या अभिप्राय है ? इसके घटक बताइए ।

What is the difference between marginal propensity to consume and marginal propensity to save ? What is the relation between the two ?

**OR**

What is meant by aggregate demand ? State its components.

22. कारण देकर बताइए कि निम्नलिखित के साथ राष्ट्रीय आय मापते समय क्या व्यवहार किया जाता है : **3**

(i) बैंक द्वारा अपने जमाकर्त्ताओं को ब्याज का भुगतान ।

(ii) सरकार द्वारा वृद्ध आयु पेंशन पर व्यय ।

(iii) कार सर्विस स्टेशन द्वारा ईंजन के तेल पर व्यय ।

Giving reason state how the following are treated in estimation of national income :

(i) Payment of interest by banks to its depositors.

(ii) Expenditure on old age pensions by government.

(iii) Expenditure on engine oil by car service station.

23. ₹ 400 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने से राष्ट्रीय आय में ₹ 1000 करोड़ की वृद्धि होती है । निवेश गुणक के मूल्य का परिकलन कीजिए । **3**

National income increases by ₹ 1000 crore due to an additional investment of ₹ 400 crores. Calculate the value of investment multiplier.

24. मान लीजिए देश में शराब के उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है । इसके (क) सकल घरेलू उत्पाद और (ख) कल्याण पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए । **4**

**अथवा**

नकारात्मक बाहरी प्रभावों (ऋणात्मक बाह्य कारणों) से लोगों के कल्याण पर क्या प्रभाव पड़ता है ? एक उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए ।

Suppose a ban is imposed on consumption of liquor in the country. Examine its effects on (a) gross domestic product and (b) welfare.

**OR**

How do the negative externalities affect the welfare of the people ? Explain by taking an example.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

25. यदि विधिक आरक्षित निधि अनुपात 20 प्रतिशत है और नई बैंक जमाएँ ₹ 5000 हों, तो मुद्रा सृजन की प्रक्रिया समझाइए । **4**

If legal reserve ratio is 20 percent and new bank deposits ₹ 5000, explain the process of money creation by the commercial banks.

26. मुद्रा पूर्ति कम करने में "बैंक दर" की भूमिका समझाइए । **4**

Explain the role of bank rate in decreasing money supply.

27. सरकार गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को अनाज की आवश्यक मदें लगभग मुफ्त प्रदान करती है । सरकारी बजट द्वारा सरकार कौन सा उद्देश्य पूरा करने का प्रयत्न कर रही है और कैसे ? समझाइए । **6**

**अथवा**

समझाइए सरकारी बजट द्वारा आर्थिक स्थिरीकरण का उद्देश्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?

Government provides essential items of food grains almost free to the families below the poverty line. Which objective the government is trying to fulfil through the government budget and how ? Explain.

**OR**

Explain how the economic stabilization objective can be fulfilled through the government budget.

28. स्थिर (नियत) विनिमय दर और लचीली (नम्य) विनिमय दर के बीच भेद कीजिए । यदि विनिमय दर गिरती है तो इसके निर्यात और आयात पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए । **6**

Distinguish between the fixed exchange rate and the floating exchange rate. If exchange rate falls, explain its effects on exports and imports.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

29. 'बचत और निवेश' विधि द्वारा राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर का निर्धारण समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । यह भी समझाइए कि यदि बचत निवेश से अधिक हो तो क्या प्रभाव होंगे । **6**

Explain the determination of equilibrium level of national income using 'saving and investment' approach. Use diagram. Also explain the effects if saving is greater than investment.

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर**

**For blind candidates only in lieu of Q. No. 29.**

समग्र माँग और समग्र पूर्ति विधि से राष्ट्रीय आय का संतुलन स्तर निर्धारण करने की बचत और निवेश विधि प्राप्त कीजिए । समझाइए क्या होगा यदि बचत निवेश से अधिक हो । **6**

Derive saving and investment approach from aggregate demand and aggregate supply approach for determination of equilibrium level of national income. Explain what happens if saving is greater than investment.

30. (क) बाजार कीमत पर सकल देशीय उत्पाद तथा (ख) निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए : **6**

| | | **(₹ करोड़)** |
|---|---|---|
| (i) | शेष विश्व को निवल चालू हस्तांतरण | (–) 10 |
| (ii) | अचल पूँजी का उपभोग | 70 |
| (iii) | स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 500 |
| (iv) | आर्थिक सहायता | 20 |
| (v) | नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान | 100 |
| (vi) | प्रचालन अधिशेष | 300 |
| (vii) | मजदूरी तथा वेतन | 600 |
| (viii) | अप्रत्यक्ष कर | 120 |
| (ix) | विदेशों को निवल कारक आय | 30 |
| (x) | किराया | 80 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Calculate (a) Gross Domestic Product at Market Price and (b) Net National Disposable Income :

| | | (₹ Crore) |
|---|---|---|
| (i) | Net current transfers to the rest of the world | (–) 10 |
| (ii) | Consumption of fixed capital | 70 |
| (iii) | Mixed income of self-employed | 500 |
| (iv) | Subsidies | 20 |
| (v) | Social security contributions by employers | 100 |
| (vi) | Operating surplus | 300 |
| (vii) | Wages and salaries | 600 |
| (viii) | Indirect tax | 120 |
| (ix) | Net factor income to abroad | 30 |
| (x) | Rent | 80 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE